हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024
[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

कलेक्टर ने शुरू किया जिले में सफाई अभियान



## खबर संक्षेप

### पीएम जनमन कार्यक्रम आज

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत देश भर के विभिन्न राज्यों के 100 जिले के हितग्राही ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में भी पीएम जनमन कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभा कक्ष में किया जाएगा। जिले में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पीवीटीजी बिरहोर के ऐसे हितग्राही जिन्हे अब तक शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है उन्हें आमंत्रित किया गया है। लाभान्वित हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति आदेश वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे विभिन्न प्रमाण पत्रों का वितरित किया जाएगा।

### शिकायत पर पटवारी के विरुद्ध कार्रवाई

**घरघोड़ा।** सराईपाली के चर्चित पटवारी खेमचन्द शर्मा पहन 08 को लापरवाहीपूर्वक कार्य करने और जिला कलेक्टर को क्षेत्रीय लोगों के द्वारा शिकायत करने की वजह से घरघोड़ा एसडीएम रमेश मोर के संज्ञान में आते ही पटवारी खेमराज शर्मा के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करते हुए। तहसील मुख्यालय तमनार के कानून गो शाखा में अटैच कर दिया है और उनके स्थान पर पहन 11 गोढ़ी के नरसिंह पटवारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है बता दें कि सराईपाली पटवारी खेमचन्द शर्मा के विरुद्ध कई शिकायत मिले थे। जिस पर संज्ञान लेते हुए ये कार्रवाई की एवं कलेक्टर भू अभिलेख शाखा रायगढ़, तहसीलदार नायाब तहसीलदार तमनार राजस्व निरीक्षक तमनार एवं कानूनगो शाखा तमनार को सूचना प्रेषित किया गया।

### बाइक पेट्रोलिंग कर पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**रायगढ़।** एसडीपीओ धरमजयगढ़ व साइबर सेल पर्वेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने बाइक पेट्रोलिंग कर शहर मे जांच अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध युवकों को कड़ी फटकार लगाई, वहीं सार्वजनिक स्थल पर शराबखोरी करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। शनिवार की शाम 7 बजे एसपी ऑफिस में एकत्र पुलिस बल ने शहर के चारों थाना क्षेत्र का भ्रमण किया। एसपी ऑफिस से निकलकर बाइक पेट्रोलिंग द्वारा शहर के सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक-चौराहों एवं सुनसान स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान कुछ अपराधिक तत्वों को नशे के सामान के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया है। जिनके विरूद्ध संबंधित थानों में कार्यवाही की जा रही है।

### सांसद विकसित संकल्प यात्रा में हुए शामिल

**सारंगढ़।** जांजगीर लोकसभा सांसद गुहाराम अजगल्ले विकसित भारत संकल्प यात्रा के पंडरीपाली शिविर में शामिल हुए। महिलाओं द्वारा यात्रा के वाहन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, सिकलसेल, एनीमिया, चर्म रोग, कुष्ठ रोग एवं दवाई वितरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, उद्यानिकी विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना पशुधन विकास विभाग, खाद्य विभाग, बैंक सखी एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

## तस्करों से 5 किलो गांजा जब्त, कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस सहित दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड में दो गांजा तस्करों को 5 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल सहित 2 जिंदा कारतूस भी जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुथाना प्रभारी शनिप रात्रे को 13 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि बताया कि दो व्यक्ति गांजा व पिस्टल के साथ केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड में कहीं जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गांजा तस्करों को धरदबोचा। मुखबिर ने पुलिस को बताया था कि तुरीपारा दर्राडीपा निवासी ओमप्रकाश जांगड़े उर्फ अन्नु पिता पारस राम जांगड़े उम्र 33 साल और उसके साथी गोविंद भट्ट पिता झाडूराम भट्ट उम्र 27 साल निवासी इंदिरा नगर देवार पारा की गतिविधियां संदिग्ध हैं। शनिवार की शाम करीब 6 बजे दोनों संदेहियों को दो प्लास्टिक बोरी में संदिग्ध वस्तुओं के साथ केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड पर देखे जाने की सूचना के आधार पर छापेमार कार्रवाई व घेराबंदी करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। ओमप्रकाश व गोविंद के पास रखे बैग से करीब 4 किलो 625 ग्राम गांजा और एक पिस्टल के साथ ही दो जिंदा कारतूस बरामद कर जब्त कर लिया गया।





### चपले डकैती कांड में भी शामिल था आरोपी

बताया जा रहा है कि इस मामले गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश जांगडे वर्ष 2004-05 में थाना खरसिया क्षेत्र अंतर्गत चपले डकैती कांड में संलिप्त रहा है। जिसे खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। आरोपी ने उड़ीसा डकैती गैंग के चिंया से संपर्क कर पिस्टल लिया था और उसने गांजा तस्करी में गोविंद भट्ट को शामिल किया।

### मजदूरी के नाम पर करते थे तस्करी

जानकारी के अनुसार इस मामले के दोनों आरोपी ओमप्रकाश और गोविंद दोनों ही साथ में मजदूरी करते हैं और मजदूरी की आड़ में ही गांजा की बिक्री व तस्करी करते हैं। बताया जा रहा है कि वे काफी लंबे समय से पुलिस की नजरों से बचते हुए यह काम करते थे, वे दोनों किसी अन्य व्यक्ति तक गांजे को पहुंचाते थे।

### कार्रवाई की जा रही

केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए करीब 5 किलो गांजा सहित एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। वे मजदूरी की आड़ मे गांजा तस्करी का काम करते थे। आरोपियों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की जा रही है। - **शनिप रात्रे** थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली

# 90 लीटर शराब जब्त, 2 महिला समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर, पूंजीपथरा औरा लैलूंगा में अवैध शराब बिक्री पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में तीनों थाना क्षेत्र से कुल 90 लीटर अवैध शराब सहित 2 महिला समेत 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोईंग और बरलिया 13 जनवरी को अवैध शराब विक्रय की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम ने दोनों गांव में करीब डेढ़ दर्जन मकानों की जांच की। जिसमें ग्राम लोईंग के बाजार पारा में महिला विलासली चौहान पति मनेश्वर चौहान उम्र 26 साल के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब तथा लोईंग मालीपारा में सिल्वेस्टर भगत पिता मदन भगत उम्र 64 साल के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब एवं ग्राम बरलिया में महिला ललिता राठिया पति कुमार राठिया 45 साल के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब बरामद कर जब्त किया गया। चक्रधर नगर पुलिस की उक्त तीनों कार्यवाही में कुल 30 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया है।

इसी प्रकार पूंजीपथरा पुलिस ने 13 जनवरी को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को मुखबीर से मिली अवैध शराब बिक्री की सूचना पर ग्राम बिलासखार निवासी अमृत धोबा पिता धनसाय धोबा उम्र 42 साल के घर आंगन में अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया है। जिसके पास से 15 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। वहीं



**चक्रधर नगर, पूजींपथरा व लैलूंगा में अवैध शराब पर हुई कार्रवाई**

इसी कड़ी में पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम तराईमाल बस स्टैंड के पास आरोपी शिशुपाल महतो पिता गौरीशंकर महतो उम्र 36 साल वर्तमान निवासी धनवार पारा तराईमाल को अवैध शराब बिक्री के लिए पैदल 20 लीटर महुआ शराब परिवहन करते पकड़ा गया। दोनों आरोपियों से कुल 60 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया है।

इसी प्रकार लैलूंगा पुलिस ने इसी कड़ी 13 जनवरी को ग्राम भेडीमुडा ब में नेतराम साहू द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बेचने की सूचना पर कार्रवाई की गई। संदेही नेतराम साहू के घर दबिश देकर संदेही से अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने महुआ शराब बेचना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से 05 लीटर क्षमता वाली जरीकेन और 02 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाटल में भरा कुल 7 लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त किया गया है।



## मधुगुंजन की गूंज से गूंजायमान हुआ रायगढ़

रायगढ़। बाल एवं युवा कलाकारों के महाकुंभ राष्ट्रीय नृत्य गायन कला प्रतियोगिता एवं उत्सव 2024 की द्वितीय दिवस पर विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों की 80 प्रस्तुतियां हुई जिसमें 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें भोपाल, हैदराबाद, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, सहित, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी शामिल थे उत्सव कलाकार के रूप में सुश्री आसना दिल्लीवार रायपुर सुश्री काजल कौशिक कत्थक, बिलासपुर, अजय मिंज, भरतनाट्यम भाटापारा, पूनम कुमारी कथक, बिहार पटना कुमकुम वासनिक कथक बस्तर, हर्षा नायक रायपुर कथक की नैनाभिराम प्रस्तुति हुई मधुगुंजन रायगढ़ जिले का अनूठा कार्यक्रम बाल एवं युवा वर्ग एवं सभी प्रतिभाशाली कलाकार कला प्रेमियों हेतु एक खुला मंच साबित हो रहा है। कला की नगरी रायगढ़ कला के संरक्षण हेतु विश्व में विख्यात है। इस संरक्षण पद्धति की अनुयाई संस्थाओं द्वारा अनूठा कार्यक्रम अपनी भव्यता से परिपूर्ण दिखाई दे रहा है, कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर अतिथि के रूप में संगीतज्ञ ठाकुर वेद मणि सिंह, रायगढ़ घराने के प्रतिनिधि कला गुरु पंडित सुनील वैष्णव, प्रोफेसर अंबिका वर्मा साहित्य एवं कलाविद, मनोज श्रीवास्तव कलाविद, निर्णायक द्वय डॉ. चंदन सिंह सुश्री खुशी जैन आयोजन के अध्यक्ष अजीत कुमार स्वाईन एवं वैष्णव संगीत महाविद्यालय के संचालक शरद वैष्णव के आतिथ्य में कलाकारों का सम्मान समारोह एवं द्वितीय दिवस का समापन हुआ। वैष्णव संगीत महाविद्यालय रायगढ़ एवं मधु गुंजन संगीत समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह राष्ट्रीय समारोह कला प्रेमियों हेतु आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### एक नई पहल को मूर्तरूप प्रदान करेगा अंगना म शिक्षा

**घरघोड़ा।** नई शिक्षा नीति के तहत महिला उन्मुखीकरण करण एवं खेल खेल में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शालाओं के शिक्षक शिक्षकाओं का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन घरघोड़ा के बी आर सी भवन में आयोजित कर इसे और भी मूर्तरूप प्रदान करने के विशेष पहल की गई। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र विकास शिक्षा रायपुर तथा जिला मिशन संचालक रायगढ के निर्देशानुसार तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुंदर मणि कौंध के सफल मार्ग दर्शन एवं मास्टर ट्रेनर सपना एक्का व पूर्णिमा यादव के द्वारा दिये गए प्रशिक्षण में 21 संकुल के प्राथमिक शाला के शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

### जर्जर सड़क, बढ़ती प्रदूषण के खिलाफ सौपेंगे ज्ञापन

**तमनार।** माँ बंजारी धाम तराईमाल में क्षेत्रीय संघर्ष समिति तराईमाल का नववर्ष मिलन समारोह को रखा गया। सर्वप्रथम माँ बंजारी देवी की पूजा अर्चना कर कलेंडर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। प्रशासन एवं उद्योगों द्वारा पिछले विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं का निराकरण नही होने पर कलेक्टर थाना प्रभारी एवं औद्योगिक प्रबंधनों को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया है जिसमे मुख्य रूप से गेरवानी से सराईपाली सड़क जीर्णोद्धार के संबंध में 16 जनवरी को रायगढ़ कलेक्टर महोदय को आवेदन क्षेत्र में बढ़ती प्रदूषण व जनविकास के संबंध में स्थानीय उद्योगों के साथ बैठक की जाएगी। स्थानीय देवस्थान, मन्दिरो में स्वच्छता साफ सफाई की जाएगी।

## मां बंजारी धाम में क्षेत्रीय संघर्ष समिति का नववर्ष मिलन समारोह



थाना पूंजीपथरा अंतर्गत सड़क में भारी वाहन बेतरतीब अवैधरूप से खड़े होने से जाम हो जाती है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्त पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति हेतु अध्यक्ष पितरू मालाकार द्वारा आभार व्यक्त कर मिष्ठान खिलाकर समापन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय संघर्ष समिति अध्यक्ष पितरू मालाकार, उपाध्यक्ष विजय डनसेना, शेषदेव पण्डा, सचिव रामश्याम डनसेना, सह सचिव गुरुदयाल मालाकार, कोषाध्यक्ष द्वारिका सिंह ठाकुर, प्रवक्ता प्रकाश त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी दुलेन्द्र पटेल, संरक्षकगण तोड़ाराम मालाकार, पंचराम मालाकार, घनश्याम मालाकार, सरपंच पूंजीपथरा गंगा धोबा,सदस्य महेश भोय, गंगा प्रधान, हलधर पटेल, दुखनाशन गुप्ता, गनपत कसेर,तरुण गुप्ता, दशरथ पंडा, अन्य सदस्यों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## घरघोड़ा पुलिस ने ग्रामीणों को नशे साइबर क्राइम से किया जागरूक

**रायगढ़।** थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस द्वारा शनिवार 13 जनवरी को थाना क्षेत्र के ग्राम घरघोड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

थाना प्रभारी ने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर गांव की समस्याएं सुनीं और पुलिस से संबंधित शिकायतों का मौके पर निराकरण किया और दीगर विभाग से संबंधित मामलों के निदान के संबंध में उचित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित कर वर्तमान में हो रहे साइबर क्राइम के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर बताया कि साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बारे में जागरूक रहने की भी बात कही। इस दौरान उन्होंने किसी के बहकावे में आ कर किसी अनजान व्यक्ति को ओटीपी नहीं बताने और न ही लालच में आने की अपील ली। जब कभी



ऑनलाइन फ्रॉड हो तो तुरंत नजदीकी थाने में जाकर सूचना देने की बात कही। जिससे ठगी के रूपयों को पुलिस होल्ड करा सकेगी। उन्होंने ग्रामीणो से कहा कि साइबर क्राइम को रोकने समाज को जागरूक होना होगा। पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार द्वारा जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की जानकारी देकर कहा कि सभी गांव में महिलाओं की समूह बनाया जा रहा है।

## लैलूंगा पुलिस ने लापता बालिका को परिजन से मिलाया

**रायगढ़।** थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा गुम बालिका के रिपोर्ट पर सक्रियता दिखाते हुए चंद घंटों में बालिका को ढूंढ निकाले और परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जानकारी के मुताबिक 13 जनवरी के शाम थाना लैलूंगा में स्थानीय किशोर बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करने बालिका के परिजन थाना आए।

थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को बालिका के परिजनों ने बताया कि उनकी लड़की 06 जनवरी को पास के गांव में रहने वाली उसके सहेली के घर जा रही हूं कह कर निकली थी जिससे मोबाइल पर बातचीत होती थी। पिछले दो दिनों से लड़की का मोबाइल स्विच ऑफ है और उसकी सहेलियों के पास पता किए लड़की वहां नहीं है। बालिका के परिजन बालिका को लेकर काफी परेशान थे कि बालिका पहले कभी इस प्रकार मोबाइल बंद नहीं की थी। घबराए परिजनों को थाना प्रभारी द्वारा शीघ्र बालिका को तलाश करने का आश्वासन देकर मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल साइबर सेल से बालिका के पिछले कॉल डिटेल निकलवाए और छानबीन किए। थाना प्रभारी द्वारा बालिका के संपर्क में आई उसकी सहेलियों से मोबाइल पर पूछताछ किये और बालिका के सहेलियों के घर पतासाजी के लिए अपने स्टाफ को रवाना किए। बालिका को तलाश कर रही लैलूंगा पुलिस की टीम द्वारा चंद घंटे में गेरवानी, पूंजीपथरा में बालिका को ढूंढ निकाली और थाना लेकर आए। थाने में महिला अधिकारी द्वारा बालिका से विस्तृत पूछताछ किया गया जिसमें बालिका उसने किसी प्रकार का अपराध का घटित होना नहीं बताई, बालिका बताई कि वह घर के झगड़े और मां की डांट से परेशान होकर सहेली के घर चली गई थी।



## पुसौर के घर-घर पहुंचा भगवान राम के गृह प्रवेश का न्यौता

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर को अयोध्या से अक्षत कलश पिछले कई दिनों पूर्व गायत्री मंदिर में आ गया था जिसे चल रहे दार्शनिक प्रवचन के बीच व्यासपीठ प्रमुख श्रीस्वरी देवी के अगुवाई में नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, नेता प्रतिपक्ष उमेश सहित अन्य पार्षदों की उपस्थिति में जगन्नाथ मंदिर लाया गया था जहां से बीते दिनांक को उपाध्यक्ष मोहित सतपथी ने उक्त मंदिर से विधिवत पुजा पाठ करते हुए बाहर लाया और उसे पूर्व नगर उपाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि अभिमन्यु साहू, मण्डल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता, मण्डल महामंत्री संजय षडंगी, पार्षद बलराम सौंरा, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, कसेर समाज अध्यक्ष अंशु साव, मनोज साहू, पुर्व एल्डर मेन विजय महाणा, कार्तिक भोय, भोजराम मेहर, पूर्व पार्षद अनिल महाणा, पार्षद ओकेश बेहरा, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, वरिष्ठ भाजपेई दुखभंजन दास, मंगल साव, संतोश यादव सहित बाजागाजा के टीम के साथ उक्त संयुक्त लोगों की मण्डली जय श्री राम के जयकारा के बीच सर्वप्रथम गौटियाः रोहित गुप्ता को निमंत्रण पत्र एवं चावल देते हुए मंदिर के उद्घाटन के दिन आवश्यक रूप 5 दिए जलाने के लिए निवेदन किया। इसके पश्चात पृथक पृथक अलग अलग गली मुहल्लों में निमंत्रण किया। हटरी चौक के पास उक्त निमंत्रण वितरण कार्य में नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत भी शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक कुछ घरों को छोड कर शेष सभी घरों में निमंत्रण पहुंच चुका है और मकर के पहले तक सभी के यहां पहुंच जाएगा।

## संक्रांति मेले की रही धूम, जसगीत पर झूमे लोग, शुद्धिकरण का संकल्प

# महाआरती के लिए केलो तट पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की जीवन दायिनी केलो की शुद्धिकरण की कामना को लेकर निरंतर 8 वर्षों से मकर संक्रांति पर केलो मैया की आरती की परंपरा इस वर्ष भी 14 जनवरी की शाम जीवंत नजर आई। रविवार शायं 6 बजे फूल और पताखाओं से सजे केलो घाट पर केलो उद्धार समिति के महाआरती आयोजन में जनसैलाब उमड पडा। आरती में सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं के साथ ही कई समाजसेवी संगठनों का भी अनूठा संगम देखने को मिला। जहां विधि विधान से पुष्प नारियल के साथ केलो मैया की भव्य आरती संपन्न हुई। वहीं जिले के प्रसिद्ध जसगीत गायकों की भक्तिमय गीतों ने केलो तट को भक्तिमय माहौल से भर दिया। वहीं इस आयोजन में हजारों की संख्या आम नागरिकों की उपस्थिति रही।



### जयंत की मेहनत रंग लाई

गौरतलब है कि नगर में केलो मैया की शुद्धिकरण को लेकर होने वाली महाआरती की तैयारी के प्रमुख सूत्रधार निगम सभापति व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयंत ठेठवार व विनायक षडंगी, प्रभात साहू, के नेतृत्व में केलो उद्धार समिति द्वारा विगत पखवाड़े भर से युद्धस्तर पर तैयारी की। जिसका सुखद परिणाम रविवार को भव्य आरती के सफल आयोजन के रुप में सामने आया। वहीं इस आयोजन को लेकर सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। आयोजित महा आरती कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध जसगीतकारों के भक्ति गीतों ने समूचे कार्यक्रम स्थल में समां बांध दिया। आकेस्ट्रा ग्रुप के कलाकारों द्वारा बुढ़ीमाई की वंदना के साथ ही सुपरहिट भक्तिमय गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्तों द्वारा जब केलो मैया की आरती की गई तो केलो मैया के जयकारे से पूरा तट गूंज उठा। देर शाम तक केलो घाट पर मेले का माहौल रहा और लोग आनंद लूटते नजर आए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पैरासाइट' निर्देशक बोंग ने क्यून की मौत की जांच की आवाज उठाई



**सियोल।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता ली सुन क्यून की मौत को लेकर विवाद गहराता ही जा रहा है, बीते साल 27 दिसंबर को अभिनेता अपनी कार में मृत पाए गए थे। वे 48 साल के थे, फिल्म पैरासाइट में अपने अभिनय से ली सुन क्यून ने दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई थी। इसके लिए उन्हें ऑस्कर अवॉर्ड भी मिला था। अब जाने-माने निर्देशक बोंग जून-हो ने अन्य कलाकारों के साथ 'पैरासाइट' अभिनेता की मौत की गहन जांच का आग्रह किया है। वहीं, कलाकारों ने मीडिया द्वारा ली के निजी जीवन के सनसनीखेज पहलुओं पर भी चिंता जताई है। 27 दिसंबर को ली सुन क्यून अपनी कार में मृत पाए गए थे, जिसे आत्महत्या माना गया। पुलिस की जांच में अभिनेता के नशीली दवाओं के उपयोग की बात सामने आई थी। एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के कॉन्फ्रेंस में ऑस्कर विजेता अभिनेता के साथी कलाकार, जिनमें किम यूई-सुंग समेत अन्य लोग शामिल थे, उन्होंने पुलिस द्वारा बार-बार पूछताछ के लिए बुलाने को लेकर भी सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही मीडिया में जांच से संबंधित विवरण के लीक पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए हैं। निर्देशक बोंग जून-ने अपने बयान में कहा कि हम संबंधित अधिकारियों से पूरी तरह से गहन जांच करने का आग्रह करते हैं कि क्या पुलिस को जांच में सूचना की सुरक्षा को लेकर कोई समस्या थी। उन्होंने नशीली दवाओं के आरोप में ली के निजी जीवन के पहलुओं को मीडिया द्वारा सनसनीखेज बनाने के बारे में भी आशंका व्यक्त की। निर्देशक ने कहा कि ली को अपने निधन से पहले गहन जांच और चरित्र हनन का सामना करना पड़ा था, जिससे कलाकारों को सुरक्षात्मक कानूनी उपायों की आवश्यकता पर जोर देना पड़ा।

### टालीवुड


## 'केएच-237'से निर्देशन की पारी शुरू करेंगे अंबरीव, कमल ने की घोषणा



**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार कमल हसन अपनी अदाकारी से लाखों फैंस के दिलों पर राज करते हैं। साउथ ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत में उनकी फिल्में काफी ज्यादा पसंद की जाती है। विक्रम के सुपरहिट होने के बाद अब उनके प्रशंसकों को अभिनेता की आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच सुपरस्टार ने शुक्रवार को एक नई फिल्म की घोषणा कर लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस फिल्म का एलान किया है। इसका निर्देशन मशहूर स्टंट कोरियोग्राफर्स अनबरीव करेंगे। फिल्म का नाम अस्थायी रूप से केएच 237 रखा गया है। कमल हासन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "केएच237 के लिए निर्देशक के रूप में दो पहले से सिद्ध प्रतिभाओं को उनके नए अवतार में लाने पर गर्व है। मास्टर्स अंबरीव...राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल में आपका फिर से स्वागत है।"आगामी फिल्म अंबुमणि और अरिवुमणि के निर्देशन की पहली फिल्म है, जिन्हें अंबरीव के नाम से जाना जाता है। मेकर्स की ओर से साझा किए केएच 237 अनाउंसमेंट टीजर ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। इसे देखकर कहा जा सकता है कि फिल्म में अभिनेता अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस अप्रत्याशित घोषणा के बाद प्रशंसक हैरान रह गए। सोशल मीडिया वे इस टीजर को लेकर जमकर टिप्पणी करते नजर आए। एक यूजर ने उत्साह व्यक्त करते हुए लिखा, ₹एक बड़ी एक्शन फिल्म की उम्मीद है।₹ एक अन्य ने टिप्पणी की, ₹वास्तविक एक्शन में इन्हें महारत हासिल है। कमल हसन और महेंद्रन द्वारा निर्मित केएच 237 अगले साल यानी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो इस साल उनकी इंडियन 2 की रिलीज होगी। इसके अलावा वे ठग लाइफ की शूटिंग के लिए तैयारी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मणिरत्नम करेंगे। वे नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी में भी नजर आएंगे। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी अभिनीत यह फिल्म मई में रिलीज होगी।


### भोजपुरी

## रवि किशन की 'महादेव का गोरखपुर' दमदार टीजर लॉन्च



**मुंबई।** अभिनेता और सांसद रवि किशन की फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का टीजर शुक्रवार की शाम को फिल्म के मेकर्स ने यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया। फिल्म के टीजर में रवि किशन का जबरदस्त अवतार नजर आ रहा है। यह फिल्म हिंदी, भोजपुरी,तेलुगू, तमिल और कन्नड़ भाषा में एक साथ रिलीज होगी। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' के टीजर में अभिनेता रवि किशन के दो लुक नजर आ रहे हैं। एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में, तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का टीजर देखने से पता चलता है कि इस फिल्म में दो कालखंड की कहानी दिखाई गई है। फिल्म के टीजर में साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया है, जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। टीजर में बताया गया है कि इस संसार में दो ही चीजें शाश्वत हैं, अच्छाई और बुराई, जो कभी नहीं मरते हैं। उनका पुनर्जन्म होता रहता है। शरीर, आत्मा और समस्त जीवन महाकाल का बताया गया है। रवि किशन के एक किरदार को महादेव का अंश बताया गया है। टीजर में आगे दिखाया गया है कि एक पुलिस अधिकारी कहता है, 'यूपी में दो हफ्ते के अंदर कोई बड़ा अटैक प्लान किया जा रहा है।' बाद में रवि किशन की एंट्री पुलिस अधिकारी के रूप में होती है।अभिनेता और सांसद रवि किशन खुद ही महादेव के भक्त हैं। वह कहते हैं, 'फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी है।

### लाइफ स्टाइल



## केल्विन का कलेक्शन

अमेरिका के फैशन डिजाइनर केल्विन क्लेन ने पिछले दिनों मुंबई कलेक्शन लॉन्च में धूम मचा दी। दिशा पटानी ने इनके सिग्नेचर लोगो ब्रैलेट और लाइट वॉश जींस की एक जोड़ी को मॉडल किया। इस कार्यक्रम में मोनिका डोगरा का लाइव संगीत भी शामिल था और इसमें रैचेल बायरोस, सोनालिका सहाय, प्रभ उप्पल और रबने जामसंडेकर सहित फैशन स्टाइलिस्ट, मॉडल और प्रभावशाली लोगों ने भाग लिया। केल्विन क्लेन के कलेक्शन को यहां खूब सराहा गया।

## चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें बनाने का तरीका

घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं। ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो



थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें। इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें ।इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध, जानें कैसे?



पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है। इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है। पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें। इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें।

## नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन टिप्स को करें ट्राई

फैशन





साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

### लहंगा स्टाइल साड़ी

आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टाइल में बंध जाएगी।

### बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल


अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्सेसरीज एड करनी है।

### स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है। फिर साड़ी का मैचिंग दुपट्टा लेना है इसे या तो आप हाथों में ले सकती हैं वरना आप चाहे तो दुपट्टे की तरह पिन कर सकती हैं।

इन टिप्स की मदद से आप भी साड़ी स्टाइल करेंगी तो और भी ज्यादा सुंदर नजर आएगी।

## पंजाबी सूट में जान डालेंगे दुपट्टे के ये डिजाइंस



पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

### गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं। दुपट्टे की लेंथ चुनने के लिए आप अपनी हाइट का खासतौर से ख्याल रखें।

### फुलकारी दुपट्टा डिजाइन

पंजाबी स्टाइलिंग में सबसे ज्यादा फुलकारी दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है। वहीं इसे बनाने के लिए मल्टी-शेड्स के धागों का इस्तेमाल किया जाता है। इसे तरह के दुपट्टे को आप ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन के सूट के साथ पहन सकती हैं। साथ ही दुपट्टे में कलरफुल पोम-पोम वाली लटकन भी लगवा सकती हैं।


### वेलवेट दुपट्टा डिजाइन

लोहड़ी का त्योहार सर्दी के मौसम में आता है। ठंड से बचने के साथ-साथ अगर आप स्टाइलिश लुक भी पाना चाहती हैं तो इस तरीके से वेलवेट के दुपट्टे को चुन सकती हैं। इस तरीके का दुपट्टा आप लेस की सहायता लेकर खुद से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं।

इसे आप अपनी मर्जी के सूट लुक के साथ पहनें।

## 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो टिप्स आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।



### 'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनाया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

कार्नर न्यूज

### सेलिब्रिटी अपने फैशन को लेकर रहते हैं निशाने पर

## किसी ने 'कंकाल ड्रेस'तो किसी ने पहनी जली-फटी अटपटे फैशन के कारण ट्रोल हुए स्टाइलिश एक्टर्स

*सेलिब्रिटी फैशन लोगों को खूब पसंद आते हैं। हम लोग भी खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए इनके स्टाइल को फॉलो करते हैं। लेकिन कई बार उनके द्वारा पहनी गई ड्रेस ट्रोलर्स के निशाने पर आ जाती हैं। इस कारण उनको न जाने क्या-क्या सुनना पड़ता है। आज हम उन्हीं फैशन-स्टाइल के बारे में बात करेंगे। ये सेलिब्रिटी ड्रेस वायरल भी खूब हुई। इस लिस्ट में रणवीर सिंह जैसे अतरंगी फैशन करने वाले एक्टर के अलावा अक्षय कुमार जैसे हीरो भी हैं। इन्होंने अजब-गबज ड्रेस पहनी, जो बहुत कम लोगों को पसंद आई।*

*फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए।*



### फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार

अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी ड्रेस को लेकर कॉमेंट होने लगे।'कपड़े तो पहना देता अक्षय जी को' इस तरह के कॉमेंट सुनने को मिले।

### करण जौहर कंकाल वाली ड्रेस में

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर अपने अतरंगी फैशन के लिए जाने जाते हैं। अक्सर ट्रोल करने वाले उनका ऐसी ड्रेस में इंतजार करते हैं। हालांकि, करण के लिए ये कोई नया काम नहीं है। वह अधिकतर बार अपनी ड्रेस के कारण कॉमेंट सुनते रहते हैं।

### अपारशक्ति खुराना का हैरी स्टाइल

एक्टर अपारशक्ति खुराना अपने फैशन सेंस के कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने एक बार ऐसा टॉपवियर पहना जिसके बाद लोग उनसे पूछने लगे- भाई कब से रणवीर सिंह को फॉलो कर रहे हो, भाई हैरी को कॉपी कर रहे हो? इस तरह की बातों ने अपारशक्ति के ड्रेस को वायरल कर दिया। इसके अलावा एक बार अपारशक्ति खुराना ने जानबूझकर टैग लगी ड्रेस पहन ली।

### दिलजीत की मीडिया प्रिंट वाली शर्ट

गायक और एक्टर दिलजीत दोसांझ का फैशन भी कमाल का होता है। उनकी बोल्ड एंड कलरफुल ड्रेस की तारीफ होती है। मगर एक बार दिलजीत ने ऐसी प्रिंटेड शर्ट पहनी कि उसको लेकर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। उनकी शर्ट पर कई मीडिया हाउस के लोगो प्रिंट किए हुए थे।

### रणवीर सिंह की दीपिका वाली ड्रेस

रणवीर सिंह का फैशन ऐसा है कि अगर वह सिंपल दिखने लगें तो यूजर्स उनका हालचाल पूछने लगते हैं। मगर शादी के बाद रणवीर और भी अलग-अलग तरह के लुक में दिखने लगे। एक के बाद एक अजब-गजब ड्रेस पहने दिखे। एक बार रणवीर ने ऐसी ड्रेस पहनी कि लोग पूछने लगे- दीपिका पादुकोण की ड्रेस पहनकर निकल गए क्या? क्योंकि यूजर्स को ऐसा लगा कि रणवीर ने लड़कियों वाली ड्रेस पहन ली है। उनको इस ड्रेस के कारण बहुत कुछ सुनना पड़ा था।



## गुंटूर करम ने की धमाकेदार ओपनिंग किया 94 करोड़ का कलेक्शन ...



**मुंबई।** फिल्म गुंटूर करम ने पहले ही दिन धमाकेदार ओपनिंग की। महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर इस फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रकाश राज, राम्या कृष्णन, जयराम ने अहम किरदार निभाए हैं। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले ही दिन 94 करोड़ का बिजनेस किया है। रिपोर्ट के मुताबिक गुंटूर करम ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन में 41.3 करोड़ कमाए हैं।

## ओटीटी पर गूंजी टाइगर-3 की दहाड़, 14 देशों में बनी नंबर-1



**मुंबई।** सलमान की फिल्म टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड सेट कर दिया है। ओटीटी पर भी फिल्म हिट साबित हो रही है। 7 जनवरी को ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर टाइगर 3 रिलीज होने के बाद से सोशल मीडिया इसका सेंसेशन बढ़ गया है। रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर ओटीटी पर हिट हो गई है। टाइगर लोगों का मनोरंजन करने के लिए हमेशा मौजूद होगा।

## मैरी क्रिसमस को मिली धीमी शुरुआत पहले दिन कमाए मात्र 2.55 करोड़ ...



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ और साउथ के फेमस एक्टर विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। लेकिन फिल्म का जितना क्रेज देखा जा रहा था, कमाई उस हिसाब से कुछ कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 2.55 करोड़ का कलेक्शन किया है। अब मेकर्स को वीकेंड से बहुत उम्मीदें हैं। हालांकि अब मेकर्स को शनिवार और रविवार से बहुत उम्मीदें हैं।



## अमित साध पुणे हाईवे में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिनेता अमित साध 'दुरंगा 2' में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। इस बार, वह 2024 में आने वाली पुणे हाईवे नामक एक नई फिल्म में सभी का मनोरंजन करने को तैयार हैं। अमित ने विभिन्न फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन से कई लोगों का दिल जीता है, और दुरंगा 2 में उनकी भूमिका ने उनकी सफलता में और इजाफा किया है। अब, प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि पुणे हाईवे में उनके लिए क्या नया आने वाला है। 2024 में फिल्मों को लेकर बेहद उत्साहित है और जो लोग फिल्मों को पसंद करते हैं वे इस विशेष फिल्म के आने का इंतजार कर रहे हैं।

### लाइफ Style

# राधिका

## एयरोब्रिज में फंसने पर निकाली भड़ास

बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसको देखने के बाद अब फैंस घबराए हुए हैं। राधिका ने एक पोस्ट शेयर की कि वह अपनी उड़ान के सह-यात्रियों के साथ एक हवाई अड्डे पर एयरोब्रिज के अंदर बंद हो गई थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राधिका ने एयरोब्रिज में फंसने के बाद गुस्से में एक लंबा नोट लिखकर अपनी भड़ास निकाली है। राधिका ने लिखा, मुझे यह पोस्ट करना पड़ा! सुबह मेरी 8:30 बजे की फ्लाइट थी। अभी 10:50 हो गए हैं और फ्लाइट अभी तक बोर्ड नहीं हुई है, हमसे कहा कि हम बोर्डिंग कर रहे हैं और फिर सभी यात्रियों को एयरोब्रिज में डाल दिया और इसे बंद कर दिया! छोटे बच्चों, बुजुर्गों के साथ यात्रियों को एक घंटे से अधिक समय से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा के दरवाजे नहीं खोले गए। कर्मचारियों को बिल्कुल भी पता नहीं है।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि जाहिर तौर पर उनके क्रू ने अभी बोर्ड नहीं किया है। क्रू बदला गया है और वो अभी भी नए क्रू का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वो कब आएंगे तो किसी को नहीं पता कि वो कितनी देर यहां बंद रहने वाले हैं। मैं छुपकर इनकी स्टुपिड फीमेल स्टाफ से बात करने में कामयाब रही, जो कहती रही कि कोई समस्या नहीं है और कोई देर नहीं होगी। अब मैं अंदर बंद हूं और उन्होंने बस हमें ये बताया है कि हम यहां दोपहर 12 बजे तक लॉक रहने वाले हैं।



### हॉलीवुड मसाला



## गाजा हादसे में हुए घायल

**लॉस एंजेलिस।** गाजा में इस्राइली सेना और हमास के बीच पिछले कई दिनों से लगातार युद्ध चल रहा है और इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, अब हाल ही में इस वॉर में एक मशहूर एक्टर के साथ बड़ा हादसा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वेब सीरीज 'फौदा' के एक्टर और सिंगर इदान अमेदी लड़ाई के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस खबर ने इदान के फैंस को चिंता में डाल दिया है। इदान अमेदी गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमास आतंकवादियों के खिलाफ इस्राइली सेना के सैनिक के रूप में लड़ाई लड़ रहे थे।



## न्यूयॉर्क की सड़कों पर डॉगी संग स्पॉट हुईं एमिली

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार एमिली एक बड़ी डॉग लवर हैं। वह अपने डॉगी पर बच्चों की तरह प्यार लुटाती हैं। बीते दिन एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क शहर के वेस्ट विलेज में डॉगी कोलंबो संग सैर करते देखा गया। एक्ट्रेस के इस अंदाज में फैंस का दिल जीत लिया और उनकी ये तस्वीरें अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान ब्लैक जैकेट के साथ व्हाइट ट्राउजर पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने व्हाइट शूज, रेड कैप और ब्लैक चश्मे के साथ कंप्लीट किया। अपने डॉगी के पट्टे को हाथ में पकड़े और हाथों को पॉकेट में डाले वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर सैर करती दिखीं। कैमरे के सामने एक्ट्रेस ने कई जबरदस्त पोज दिए।



## मिस्ट्री मैन का हाथ थामे हुईं स्पॉट

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अभी तक शादी नहीं रचाई है और न ही उन्होंने किसी के साथ रिलेशन में होने का खुलासा किया है। अब हाल ही में जब कंगना को मिस्ट्री मैन के साथ देखा गया तो उनके लिंकअप की खबरें सोशल मीडिया पर तूल पकड़ने लगीं। कंगना को किसी मिस्ट्री मैन के साथ हाथों में हाथ डाले स्पॉट किया गया, जिसकी तस्वीरों को लेकर कंगना खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल, बॉलीवुड क्वीन कंगना को मुंबई में एक सैलून से बाहर निकलते देखा गया। इस दौरान वह मिस्ट्री मैन का कसकर हाथ थामे नजर आईं। इतना ही नहीं, इस मौके वह खूब ब्लश करती भी दिखीं। चेहरे पर काला चश्मा लगाए स्काई ब्लू कलर की ड्रेस में वह बेहद गॉर्जियस दिखीं। जबकि, उनके साथ नजर आया ये मिस्ट्री मैन एक विदेशी था।



## तय समय में रिलीज होगी पुष्पा-2

**मुंबई।** वर्ष 2024 की बहुप्रतीक्षित और बहुप्रचारित फिल्म पुष्पा-2 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ समय से यह कहा जा रहा था कि यह फिल्म अपने तय समय 15 अगस्त को प्रदर्शित नहीं होगी। हालांकि फिल्म निर्माताओं ने इन समाचारों को पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि फिल्म अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी। फिल्म की शूटिंग फुल स्पीड से चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर सुकुमार और अल्लू ने फैसला किया है मई 2024 तक शूटिंग खत्म करनी है। 100 दिनों का शूट अभी रहता है और टीम लगातार 5 महीने तक काम कर रही है ताकि फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म हो। पुष्पा 2 के बाकी एक्टर्स ने भी अपनी सारी डेट्स सुकुमार को दी हुई हैं ताकि पुष्पा 2 की रिलीज में देरी ना हो।

### टीवी मसाला

## प्रियांशी और रोहित ने बताएं अपने मकर संक्रांति के प्लांस

**मुंबई।** मकर संक्रांति, जिसे अक्सर काइट फेस्टिवल भी कहा जाता है, पूरे जोश के साथ मनाया जाता है। लोग पतंग उड़ाकर वसंत के आने का जश्न मनाते हैं। इस साल इस शुभ अवसर पर टेलीविजन कलाकारों ने पतंग उड़ाने की अपनी यादें और अनुभव साझा किए। शो पंड्या स्टोर की




प्रियांशी यादव उर्फ नताशा बताती हैं, यह मकर सक्रांति त्योहार पतंग उड़ाने के लिए मशहूर है। मैं भी इसमें हिस्सा लेती थी, हालांकि मैं वास्तव में इसमें अच्छी नहीं हूं, लेकिन फिर भी मुझे ये करने में मजा आता है। इस साल, मैं इसे अपनी मां के साथ मनाने जा रही हूं, क्योंकि मैं शूटिंग करूंगी। मैं मंदिर जाऊंगी, अपनी मां के साथ पूजा करूंगी और आशीर्वाद लूंगी। मुझे पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है और मुझे आकाश को देखना बहुत पसंद है, क्योंकि जब भी मैं रेनबो रंग का आसमान देखती हूं तो मैं दीवानी हो जाती हूं। पंड्या स्टोर के रोहित चंदेल उर्फ धवल कहते हैं, मकर संक्रांति त्योहार के दौरान, मेरी मां तिल के लड्डू बनाती हैं और बचपन में मैं घरों में जाता था और उनका स्वागत लड्डू से करता था। मुझे पतंग उड़ाने में मजा आता है।

## अभिनय के लिए की थी पिता से बगावत, निभाएं बेहतरीन किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड का हैंडसम हंक विनोद खन्ना के पिता कभी नहीं चाहते थे कि वह एक्टर बने लेकिन उन्होंने पिता से बगावत कर फिल्मों की ओर रुख किया और अपने किरदारों से उनका नाम रोशन किया। निगेटिव, एक्शन और रोमांटिक रोल निभाने वाले दिग्गज अभिनेता विनोद खन्ना को सुनील दत्त ने साल 1968 में आई फिल्म 'मन का मीत' से बतौर विलेन लांच किया था। इस फिल्म में विनोद खन्ना हीरो न होने के बाद भी अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए थे। अपने करियर की शुरुआत में उन्होंने कई फिल्मों में निगेटिव रोल निभाकर खूब वाहवाही लूटी।*

### पिता ने तान दी थी पिस्तौल

एक्टिंग की दुनिया में ऐसी जबरदस्त धाक जमाने वाले विनोद खन्ना के पिता बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वह फिल्मी दुनिया में आए। उनके पिता एक बिजनेसमैन थे लेकिन जब विनोद ने बताया कि वह एक्टर बनने का सपना देख रहे हैं तो उनके पिता ने उनकी जमकर फटकार लगाई थी। इतना ही नहीं गुस्से में आकर उन्होंने विनोद खन्ना पर पिस्तौल भी तान दी थी। ये खुलासा खुद विनोद खन्ना ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।



### निभाया था डाकू का किरदार

विनोद खन्ना ने इस फिल्म के बाद धर्मेंद्र की सुपरहिट फिल्म 'मेरा गांव मेरा देश' जो कि साल 1971 में आई थी, इस फिल्म में भयंकर डाकू का किरदार निभाया था। ये फिल्म उस दौर की बड़ी हिट साबित हुई थी। यहीं से उनके विलेन बनने का सफर शुरू हुआ और कई फिल्मों में वह बतौर विलेन ही नजर आने लगे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस जबरदस्त प्रदर्शन किया था।

### 70 के दशक में किया राज

70 का दशक आते-आते तो विनोद खन्ना की गिनती इंडस्ट्री के बड़े सुपरस्टार्स में होने लगी थी। उस दौर की तकरीबन हर फिल्म में विनोद खन्ना का होना जैसा जरूरी हो गया था। उन्होंने कई मल्टीस्टारर फिल्मों में भी काम किया। लेकिन 80 के दशक तक वह एक्शन हीरो के तौर पर पहचाने जाने लगे थे। कई फिल्मों उनके एक्शन अवतार को खूब पसंद किया गया था। अपने करियर में विनोद खन्ना ने 1968 से 2013 तक तकरीबन 150 फिल्मों में काम किया। अपने हर किरदार से उन्होंने दर्शकों का दिल भी खूब जीता। लेकिन ज्यादातर उन्हें आज भी खलनायक बनकर निभाए किरदारों के लिए याद किया जाता है।

## रकुल प्रीत ने बॉयफ्रेंड संग किए राम मंदिर प्रतिमूर्ति रथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड के गलियारों में इन दिनों एक और जोड़ी काफ खबरों में छाई है। ये कोई और नहीं बॉलीवुड की सुपर हॉट एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और निर्माता जैकी भगनानी हैं। बी-टाउन में दोनों के प्यार के चर्चे खूब हो रहे हैं। वहीं, अब रकुल और जैकी खुलकर अपने प्यार का इजहार दुनिया के सामने करते भी दिख रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि दोनों इसी साल शादी बंधन में बंधने वाले हैं। शादी की खबरों के बीच कपल ने हाल ही में मुंबई में राम मंदिर प्रतिकृति रथ के दर्शन किए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो रकुल प्रीत और जैकी दोनों अगले महीने 22 फरवरी को गोवा में सात फेरे लेंगे। ऐसे में अब शादी की खबरों के बीच दोनों को एक साथ राम मंदिर प्रतिकृति रथ के दर्शन किए। जैकी भगनानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रकुल प्रीत सिंह संग अपनी एक तस्वीर और वीडियो शेयर किया है। ये तस्वीरें मुंबई के राम मंदिर प्रतिकृति रथ की यात्रा के दौरान की है। इस दौरान, कपल हाथ जोड़कर प्रार्थना करते और भगवान श्री राम से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने सारंगढ़ और कोसीर के मध्य ग्राम लेंधरा छोटे के रामनामी भजन मेला स्थल का अवलोकन किया। चौहान ने स्थल में आवश्यक व्यवस्था बिजली, पानी, अस्थाई टेंट आदि व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर शिवकुमारी चौहान, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, पीएचई कार्यपालन अभियंता कमल कंवर, तहसीलदारगण नेत्रप्रभा सिदार, कोमल साहू, रूपाली मेश्राम आदि उपस्थित थे।

### 22 तक चलेगा मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम

**सारंगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 हेतु कलेक्टर केएल चौहान ने नागरिकों से अपील किया है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण है, वे अपना मतदाता सूची में नाम जोड़वा सकते हैं। इसके साथ ही साथ मतदाता सूची से नाम हटाना, स्थान परिवर्तन के कारण सुधार कार्य भी आगामी 22 जनवरी तक कर सकते हैं। इस संबंध में विशेष शिविर 14 जनवरी को पूरे जिले में चलाया जा रहा है, ताकि शतप्रतिशत 18 वर्ष पूर्ण कर चुके व्यक्तियों का पंजीयन, सुधार और हटाना सुनिश्चित हो।

### संकल्प यात्रा की संयुक्त सचिव ने की समीक्षा

**रायगढ़।** भारत सरकार के संयुक्त सचिव संजय कुमार ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा में अच्छा कार्य किया जा रहा हैं इसमें जिन विभागों की प्रगति कम हैं वे बेहतर कार्य करते हुए प्रगति लाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रगति लाने हेतु प्रत्येक विभाग अपनी कार्य योजना के साथ काम करें ताकि हम अधिक से अधिक लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से जोड़कर उन्हे शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर सकें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले में लगाए गए शिविरों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 32 पैरामीटर पर कार्य किया जा रहा हैं, जिसमें अब तक 270 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा चुका हैं। आगामी 26 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 270 शिविर में 3 लाख 71 हजार से अधिक लोग शामिल हुए तथा 1 लाख 95 हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाया हैं। जिसमें टीबी, सिकल सेल का विशेष रूप से जांच करवाया जा रहा हैं। इस तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर कार्य किया गया हैं। इसी प्रकार उज्जवला, जीवन ज्योति बीमा, लोकल स्पोर्ट पर्सन को सर्टिफिकेट प्रदान एवं किसानों का केसीसी बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया की पीएम विश्वकर्मा योजना से भी लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा हैं। प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से लाभान्वितों ने विभागीय योजनाओं से प्राप्त लाभ की जानकारी देते हुए उनके जीवन में आए बदलाव को साझा किया है।

## श्रद्धांजलि

### नंदकुमार बघेल

**रायगढ।** धरमजयगढ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के निधन पर अपनी शोक संवेदना अर्पित कर आत्मशांति की प्रार्थना की है। गुरुवार को भिलाई के कुरुदडीह मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पंहुचे विधायक लालजीत ने स्व. नंदकुमार बघेल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी संवेदना प्रकट की। लालजीत ने कहा कि स्व. बघेल राजनीति मे समाज मे वंचित वर्ग के लिए लडने के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका समाजवादी चिंतन सदैव हम सबका मार्गदर्शन करता रहेगा।

## टिमरलगा व गुड़ेली में पर्यावरण विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

# नियमों को ताक पर रखकर खुले में फ्लाइऐश डंपिंग से ग्रामीण परेशान


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

टिमरलगा और गुड़ेली में नियम कायदों को ताक पर रख कर खुले में फ्लाईऐश की डंपिंग की जा रही है। ऐसे में इससे क्षेत्र में प्रदूषण की दर काफी हद तक बढ़ गई है। जिसकी वजह से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर इसका विपरित असर हो रहा है। इसी बीच मिली शिकायत के आधार पर पर्यावरण विभाग की टीम ने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया, जिसमें शिकायत सही पाई गई।

गौरतलब है कि टिमलगा व गुड़ेली क्षेत्र में फ्लाई ऐश की डंपिग नियम कायदों को दरकिनार कर कहीं भी की जा रही है। वहीं डंपिंग करने के बाद भी मिट्टी की फिलिंग नहीं की जा रही है। सही तरीके से फ्लाई ऐश डंपिंग करने को लेकर उद्योग प्रबंधन भी न तो ध्यान दे रहे है और न ही नियमों का पालन करने को लेकर उन्हें कोई दिलचस्पी है। अहम बात यह है कि इस क्षेत्र में एनएच से लगे खाली जगहों पर काफी बड़े भू भाग पर फ्लाई ऐश की डंपिंग की गई है, किंतु इसमें नियमों को दरकिनार करते हुए मिट्टी की फिलिंग नहीं की गई है। जिसकी वजह से हवा चलने पर यह सड़क सहित आस पास के क्षेत्र में फैल जाता है। ग्रामीणों की मानें तो उनके घरों के आंगन, छत सहित कमरे में भी फ्लाइऐश ही नजर आता है। इससे स्वास्थ्य पर भी बुरी असर पड़ रहा है। कईयों को श्वांस संबंधी समस्याएं सामने आने लगी है। यही वजह है कि गांव के रहवासियों ने प्रशासन से इसकी शिकायत कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### 4 उद्योगों को जारी की गई नोटिस

इस संबंध में बताया जा रहा है कि फ्लाई ऐश के नियम विरूद्ध डंपिंग और लापरवाही बरतने को लेकर डीबी पावर, आरकेएम पावर, एनटीपीसी और अड़ाणी पावर को नोटिस जारी किया गया है। दरअसल इस उद्योगों को जो अनुमति मिली थी उसके तहत जमीनी सतह तक डंपिंग करने व मिट्टी की फिलिंग करने तथा पानी के छिड़काव करने को निर्देश दिया गया था, किंतु उक्त इलाकों में फ्लाइऐश का पहाड़ बना कर रखा गया है।



### शिकायत के बाद किया निरीक्षण

जानकारी के अनुसार नियम विरूद्ध फ्लाई ऐश की डंपिग को लेकर ग्राम गुड़ेली के ग्रामीणों ने बीते दिनों कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत दी थी। इस शिकायत के मिलने के बाद पर्यावरण की एक टीम ने उक्त क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए वहां की स्थिति का जायजा लिया था, निरीक्षण के दौरान यह शिकायत सही पाई गई थी।

### भेजा गया नोटिस

ग्रामीणों से शिकायत प्राप्त होने के बाद निरीक्षण किया गया, जिसमें शिकायत सही पाई गई थी। नियमों के उल्लंघन पर चार उद्योगों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अंकुर साहू
पर्यावरण अधिकारी, रायगढ़।




# ओपी जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोडा

जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा प्रायोजित एवं आल स्टार घरघोड़ा के तत्वाधान में 40वां ओपी जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा 2023-24 का भव्य शुभारंभ गजेन्द्र रावत उपाध्यक्ष एवं प्रमुख आपरेशन एवं मेंटनेंस जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य में एवं शिव शर्मा, अध्यक्ष कांग्रेस घरघोड़ा मण्डल की अध्यक्षता एवं दीपक मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस विभाग के विशिष्ठ आतिथ्य एवं मनोज विश्वाल, अध्यक्ष, ऑल स्टार घरघोड़ा, प्रबुद्ध नागरिक राजेन्द्र शर्मा, नरेश पण्डा, संजय सिन्हा, राजेश रावत सहायक महाप्रबंधक, जेपीएल तमनार एवं विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों एवं प्रबुद्ध गणमान्य खेल प्रेमियों के गरीमामय उपस्थिति में हुआ। इस वर्ष क्षेत्र के 09 प्रमुख टीमें शिरकत कर रही है। फायनल मैच 20 जनवरी को खेला जाएगा। मैच के दौरान खिलाडियों के हौसला अफजाई के लिए पुलिस कप्तान सदानंद कुमार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रमेश कुमार मोर भी मैदान में उपस्थित रहें। अधिकारी द्वय ने प्रतियोगिता को क्षेत्र का अग्रणी व बेहतरीन आयोजन बताया और क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे खेल प्रांगण में उपस्थित हो इस शानदार आयोजन को सफल बनाए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दीपक मिश्रा ने प्रतियोगिता के शानदार आयोजन को प्रसंशनीय बताते हुए आल स्टार घरघोड़ा के प्रयासों व जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार के समर्पित सहयोग को साधुवाद ज्ञापित किया।

## छात्राओं को पॉक्सो एक्ट व अभिव्यक्ति ऐप से पुलिस ने किया जागरूक



**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस द्वारा बीते 12 जनवरी को आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर थाना प्रभारी लैलूंगा व उनके स्टाफ द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल झगरपुर में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट, अभिव्यक्ति ऐप, नशा उन्मूलन व ट्रैफिक नियमों पर जागरूक किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज ने बताया कि दिन प्रतिदिन साइबर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए हमें मोबाइल पर ऑनलाइन शॉपिंग, सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर विशेष सतर्कता व सावधानी बरतने की जरूरत है। साइबर फ्रॉड के शिकार पढे.लिखे लोग भी हो रहे है, इसलिए सभी का जागरूक होना बहुत जरूरी है और जागरूकता से ही साइबर ठगी का शिकार होने से बचा जा सकता है। थाना प्रभारी ने छात्राओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप पर अंजान व्यक्तियों के फ्रेण्ड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने से बचने और ऐसे लोगों से चैटिंग, विडियो कॉल से बचने कहा गया और एटीएम फ्रॉड तथा फेक कॉल के जरिये फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगने, बीमा पॉलिसी, वाउचर जीतने, लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, डीलरशिप के लिए संपर्क करने वाले और घर बैठे लाखों कमाने जैसी जानकारी देने वालों से सर्तक करने और अंजान व्यक्तियों ओटीपी शेयर नहीं करने की जानकारी दिए। थाना प्रभारी ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव तथा यातायात नियमों का पालन करने आवश्यक जानकारी दी गई और पॉक्सो एक्ट, अभिव्यक्ति ऐप के बारे में विस्तार से बताया।

## कलेक्टर ने बच्चों का किया अन्नप्राशन

**सारंगढ़।** सारंगढ़ कलेक्टर ने विकासखंड के ग्राम दुर्गापाली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर शिशु बच्चों का अन्न प्राशन किया। इस दौरान अतिथि सुभाष जालान और शिवकुमारी चौहान उपस्थित थे। श्री चौहान ने शिविर के स्टालों का निरीक्षण किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, सिकलसेल, एनीमिया, चर्म रोग, कुष्ठ रोग एवं दवाई वितरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया गया था, इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, उद्यानिकी विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना पशुधन विकास विभाग, खाद्य विभाग, बैंक सखी एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम बैगीनडीह, बिलाईगढ़ ब जसपुर आदि जगहों पर आयोजित किया गया।

# कलेक्टर ने शुरू किया जिले में सफाई अभियान

■ सार्वजनिक स्थल में स्वच्छता पर ध्यान देने की अपील

**सारंगढ़।** जिले में प्रत्येक शनिवार को सफाई अभियान का आरंभ कलेक्टर के एल चौहान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मीडिया व गणमान्य नागरिकों की टीम ने सारंगढ़ के तुर्की तालाब परिसर में किया। टीम द्वारा प्रातः 7 बजे से सफाई अभियान आरंभ किया गयाए जो सुबह 10 बजे तक चला। बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ में सफाई अभियान की। कलेक्टर ने अपील किया है कि यह जिले के नागरिकों और प्रशासन का प्रथम दायित्व होना चाहिए कि हम अपने आसपास गली मोहल्ले वार्डए गांवए शहर को पूरी तरह से स्वच्छ रखें व सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी या कचरा ना फैलाएं। स्वच्छता मानव जीवन के साथ अन्य प्राणियों और वातावरण के लिए भी बहुत खास है। हर शनिवार को विशेष स्थान और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन ने उठाया हैए उसके लिए हम पूरी ताकत के साथ सफाई अभियान करेंगे। इस कार्य को सेवा भाव से आगे बढ़ाएं और ज्यादा से ज्यादा आम जनता इससे जुड़े। यही संदेश देने यह स्वच्छता अभियान मैंने प्रारंभ की है। सुघर शहर बनाने के लिए हमें कचरों को नियत स्थल या डस्टबिन में डालने और सड़कों पर ना फेंकने की बात कहीं।



तुर्की तालाब की साफ सफाई करते हुए बाहरी परिसर सड़कों और वहां खड़े होने वाले ठेलो का भी औचक निरीक्षण किये। कलेक्टर ने इस स्वच्छता अभियान में पाया कि शाम के समय गुमटी व ठेलो के द्वारा चौपाटीनुमा बाजार लगने से ग्राहकों वाहनों को सड़क पर खड़े कर देते हैं जिससे यातायात बाधित होने से दुर्घटना की संभावना होती है जिस पर सीएमओ राजेश पांडेय को संज्ञान में लेने व त्वरित तुर्की तालाब स्थल को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता अभियान में विशेष रूप से भारत एवं स्काउट गाइड के स्कूली छात्र छात्राओं, शिक्षक, नगरपालिका के सफाई कर्मी, अधिकारी कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा। अभियान को सफल बनाने में निष्ठा पांडेय तिवारी, अपर कलेक्टर, प्रकाश भारद्वाज संयुक्त कलेक्टर, वासु जैन एसडीएम, हरिशंकर चौहान जिला पंचायत नोडल अधिकारी, टी आर माहेश्वरी डिप्टी कलेक्टर, नेत्रप्रभा सिदार तहसीलदार, चित्रकांत ध्रुव जिला खाद्य अधिकारी, सूर्यकांत शुक्ला जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति, राजेश पांडे सीएमओ, उत्तम कंवर उपयंत्री, अशोक देवांगन स्टेनो, अजय बंजारे, रामनाथ सिदार, सूरज तिवारी, शुभम बाजपई पार्षद, मयूरेश केशरवानी पार्षद, मनोज जायसवाल, रविंद्र नंदे, दामोदर देवांगन, पत्रकार भरत अग्रवाल, राजेश यादव, गोल्डी नायक, प्रशांत प्रधान, मोहन मरावी, प्रीतम देवांगन, रोशन यादव, गोविंद साहू, आलोक मिश्रा, रविंद्र नामदेव सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## मुख्य सचिव की वीसी में कलेक्टर शामिल

**सारंगढ।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में वीसी बैठक लिया गया, जिसमें कलेक्टर के एल चौहान उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में बताया गया कि प्रभु श्री राम के जन्मस्थली अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर के समारोह दिवस 22 जनवरी को राज्य सरकार के निर्देशानुसार संस्कृति विभाग के द्वारा सभी जिलों के मानस मंडली, कलाकारों के माध्यम से जिले और ब्लॉक स्तर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमे विजेता और सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि सभी जिले धान खरीदी को प्राथमिकता से अब तक अच्छा किए हैं और समाप्ति तक अच्छा करेंगे। किसानों से सम्मानजनक ढंग से व्यवहार करते हुए धान खरीदी नियम अनुसार कार्य करें। इसके साथ ही साथ सभी लक्ष्य के अनुरूप धान खरीदी, भंडारण, उठाव, परिवहन, आवश्यक बरदाना आदि के कार्य में आपसी सहयोग जिले के सभी कलेक्टर करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम वासु जैन, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुवए जिला प्रबंधक सूर्यकांत शुक्ला, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू उपस्थित थे।

## युवा दिवस के रूप में मनाई विवेकानंद जयंती

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को युवा दिवस के रुप में मनाते हुए उनके प्रेरक संदेश का वाचन एवं जीवन प्रसंगों पर चर्चा की गई। शाउमावि तारापुर राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जीन जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर स्वामी के जीवन चरित्र एवं आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया वहीं विकसित भारत यात्रा के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश और उनके प्रेरक उद्बोधन को भी विद्यालय परिसर में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखकर उसका आनंद उठाया विद्यालय में विकसित भारत यात्रा का भी भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में सपन्न युवा दिवस पर सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य और रासेयो के जिला संगठक भोजराम पटेल एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंजू पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## केन्द्रीय विद्यालय में 26 वें वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन

**रायगढ़।** शहर के केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 26 वां वार्षिक क्रीडोत्सव सर्किट हाउस के समीप स्थित विद्यालय परिसर मे आयोजित किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. पीके षडंगी व श्रीमती सुषमा षडंगी बतौर मुख्य अतिथि खेलोत्सव मे मौजूद रहे। स्काउट गाइड की परेड और मार्चपास्ट के साथ वार्षिक क्रीडोत्सव का आरंभ हुआ। खेल भावना की शपथ लेकर प्रतिभागी खिलाडियों ने स्पर्धा आरंभ की। सबसे पहले बाल वाटिका के नन्हे बच्चों की जलेबी रेस की प्रतियोगिता हुई। इसके बाद के क्रम में शू साक्स रेस बुक बैलेंस रेस, स्पून एण्ड मार्बल रेस थ्री लैग्स रेस, रिले रेस, 30,100 व 200 मीटर की रेस, शाट पुट, लम्बी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सम्पन्न होने के बाद विजेताओं को मुख्य अतिथि स्कूल प्राचार्य के द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बुक बैलेंस रेस की विशेष प्रस्तुति दी। रसायन शास्त्र के चिकित्सक एसके चैनी ने आभार प्रदर्शन किया। उल्लास भरे माहौल मे वार्षिक खेल उत्सव का समापन किया गया।

## संकुल स्तरीय अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण



**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर एवं जिला परियोजना कार्यालय रायगढ़ के निर्देशानुसार विकासखण्ड रायगढ़ के संकुल केंद्र डोंगीतराई, कछार और कोड़तराई के प्रत्येक प्राथमिक शाला के एक.एक महिला शिक्षकों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन प्राथमिक शाला डोंगीतराई में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रामनाथ सिंह, वीरेंद्र कुमार चौहान संकुल समन्वयक डोंगीतराई, शशि कुमार डनसेना संकुल समन्वयक कछार, खरे सर संकुल समन्वयक कोडतराई द्वारा सरस्वती माँ की छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। संकुल प्राचार्य रामनाथ सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण पर तीनों संकुल के संकुल समन्वयकों ने विचार एवं अनुभव रखें। अंगना में शिक्षा के प्रथम सेशन में मास्टर ट्रेनर्स जयश्री दीवान एवं वंदना अख्तरी द्वारा आवश्यक जानकारी दी गयी एवं निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए बच्चों का पूर्ण विकास करना तथा वह स्कूल जाने की पहले की तैयारी आनंदमयी माहौल व खेल कूद के द्वारा किए जाने एवं माताओं को किस प्रकार सक्रिय करें इस बारे में बताया गया। द्वितीय सेशन में गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमे गणेशी एवं रेणुका द्वारा विभिन्न गतिविधि कराया गया जिसमें तीनों संकुल के सभी शिक्षक, माताएं एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह है की इस बार माताए बच्चों के साथ और बेहतर करने के लिये प्रेरित होंगे। अंत मे संकुल समन्वयक डोंगी तराई द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक लिया, प्रशिक्षण को बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक बच्चों के लिए क्रियान्वयन में अपना बेहतर योगदान देने की अपील की गई।

## दार्शनिक प्रवचन के समापन में फूलों की होली

**पुसौर।** पिछले 15 दिनों से जगदगुरू कृपालु महाराज की प्रचारिका वृन्दावन वासिनी सुश्री श्रीश्वरी देवी का दार्शनिक प्रवचन नगर पंचायत कार्यालय के ग्राउंड में हुआ। इनके द्वारा किए जा रहे प्रवचन वेद गीता रामायण भागवत इत्यादि समस्त धर्मगंथों से प्रमाण युक्त होने तथा परस्पर विरोधी गुढ तात्विक सिद्धांतों का समन्वय होने से क्षेत्र के लोगों में एक नई आस्था का उदगार हुआ वहीं इनका भगवान के प्रति एक दास्य भाव का भी निर्माण हुआ। जिससे आसपास के लगभग 30 ग्रामों के लोग प्रतिदिन इनके प्रवचन को सुनने आए। प्रतिदिन सुबह शाम 2 पालियों में इनका प्रवचन होता था जिसमें दोनों समय में समूचा पंडाल भर जाता था। उक्त प्रवचन के समापन के अवसर पर फूलों की होली खेली गई जिसमें व्यासपीठ में श्रीस्वरी देवी अपने हाथों में फूल लेकर उपस्थित सभी श्रोताओं के उपर वर्षा करवाया। ज्ञात हो कि नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत के यहां सुश्री श्रीस्वरी देवी 15 दिन तक आतिथ्य स्वीकार की थीं जहां से प्रतिदिन आकर पंडाल में प्रवचन करती थी।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।